प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- राष्ट्रीय युवा दिवस आज–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम में देशभर के तीन हज़ार युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्यस्तरीय रोजगार उत्सव में 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे–31 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर बारिश–कहीं–कहीं ओलावृष्टि–कोहरे के असर से दृश्यता बाधित।
- प्रयागराज महाकुंभ के लिए राजस्थान रोडवेज की ओर से आज से बस सेवायें शुरू की जा रही है।

..............................................................

स्वामी विवेकानंद की जयंती आज देशभर में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेंगे। श्री मोदी देशभर के तीन हज़ार युवा नेताओं के साथ संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत युवा नेता संवाद देश के युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में शामिल करने की एक अनूठी पहल है। श्री मोदी ने युवा और खेल मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे का राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025 और विकसित भारत युवा नेता संवाद पर लिखा एक लेख साझा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं में ऊर्जा, रचनात्मकता और नेतृत्व को दिशा देना है।

..............................................................

राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर राज्य और जिला स्तरीय कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। ये नियुक्तियां चिकित्सा विभाग, वित्त, गृह, राजस्व और शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर दी जाएंगी। मुख्यमंत्री 31 हजार करोड़ रुपये के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल भी मौजूद रहेंगे।

..............................................................

इधर जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में चल रहे पांच दिवसीय युवा महोत्सव का आज समापन होगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 युवाओं को यूथ आइकन अवॉर्ड्स देंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर युवा साथी केन्द्र का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगे। कार्यक्रम में युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ और राज्य मंत्री के.के. विश्नोई भी उपस्थित रहेंगे।

प्रदेशभर में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिलास्तरीय रोजगार उत्सव में जिलो के प्रभारी मंत्री हिस्सा लेंगे। वहीं विभिन्न संगठनों की ओर से भी बोद्धिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। करौली में नेहरू युवा केन्द्र की ओर से कई प्रतियोगिताएं हो रही हैं। भीलवाडा के सरकारी विद्यालय में वाद विवाद सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। इससे पहले युवा दिवस की पूर्व संध्या पर कल पाली में स्वामी विवेकानंद की

प्रतिमा पर दूध से अभिषेक किया गया। जैसलमेर के मोहनगढ में ब्लॉकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

.............................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वैश्विक परिदृश्य में भारत के युवाओं के बढ़ते महत्व पर बल दिया है। लोकसभा अध्यक्ष ब्रिटेन की यात्रा के दौरान कल लंदन में एक कार्यक्रम में भारतीय छात्रों को संबोधित कर रहे थे। श्री बिरला ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके युवा नेता हैं। उन्होंने देश के भविष्य को आकार देने में भारतीय छात्रों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

.............................................................

प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजधानी जयपुर सहित कई इलाको में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके चलते तापमान में गिरावट होने से दिन के समय भी गलन और ठिठुरन बनी रही। कुछ स्थानों से ओलावृष्टि के भी समाचार है। राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है और दृश्यता बाधित हो रही है। पाली में भी सुबह से ही कोहरा छाने और सर्दी के तेवर तीखे होने से लोग अलाव का सहारा ले रहे है। करौली, बाडमेर, जैसलमेर, जोधपुर के ग्रामीण इलाको और भीलवाडा मे बारिश के कारण सर्दी का असर बढ गया है और कोहरे के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा हैं। अजमेर में भी शीतलहर का कहर जारी हैं। भरतपुर में बरसात होने से निचले इलाको में पानी भर गया जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पडा। सवाईमाधोपुर में जिला मुख्यालय सहित कई स्थानों पर रूक–रूक कर बरसात होने से ठण्ड का असर बढ गया है। नागौर के खींवसर उपखण्ड में कल शाम आधा दर्जन गांवों में ओलावृष्टि हुई। बाडमेर में भी विक्षोभ के असर से ठण्ड में बढोतरी हुई है।

.............................................................

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में ठण्ड में बढोतरी की संभावना है। साथ ही 14 जनवरी से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है।

.............................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर राजस्थान में विकास और जनकल्याणकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर राजस्थान में विकास कार्यों, ऊर्जा क्षेत्र में नवीन संभावनाओं, आवासीय परियोजनाओं और शहरी विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। श्री शर्मा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भी शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान उन्होंने राज्य की वित्तीय व्यवस्था और प्रदेश में पर्यटन के विकास जैसे विषयों पर विमर्श किया।

.............................................................

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ 2025 के लिए आज से बस सेवायें शुरू की जा रही है। जयपुर के सिंधीकैम्प से ब्ल्यू लाईन एक्सप्रेस और नॉन एसी स्लिपर बस का संचालन किया जा रहा है। जयपुर से प्रयागराज बसों का संचालन वाया भरतपुर, आगरा और कानपुर होकर किया जायेगा। निगम की ओर से प्रयागराज के लिए संचालित वाहनों के लिए ऑनलाईन आरक्षण की सुविधा निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

.............................................................